## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–02.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हेमंत सोरेन सरकार पर राज्य के युवाओं को धोखा देने का आरोप लगाया है। श्री चौहान ने आज पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में दो लाख 87 हजार सरकारी पदों को भरने का प्रस्ताव स्वीकृत किया जायेगा।

इधर, झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य की जनता तय करेगी कि उन्होंने लोगों के लिए क्या किया है।

***********

झारखंड की 81 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में मतदान होना है। पहले चरण में 43 सीटों पर 13 नवंबर को जबकि दूसरे चरण में 38 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को वोट डाले जायेंगे। 23 नवंबर को वोटों की गिनती होगी। पहले चरण में कुल 683 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं जबकि दूसरे चरण में कुल 528 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा।

***********

राज्य में चुनाव प्रचार जोर पकड़ता जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज रांची आ रहे हैं। वे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेंगे। श्री शाह कल धालभूमगढ़, बरकट्ठा और सिमरिया में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। इधर, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार नवंबर को चाईबासा और गढ़वा में चुनावी सभा करेंगे, जबकि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पांच नवम्बर को झारखंड में चुनावी कार्यक्रम प्रस्तावित है।

***********

पूर्वी सिंहभूम जिले के छह विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

***********

पाकुड विधानसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी अजहर इस्लाम की जीत पक्की करने को लेकर आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो आज पाकुड़ पहुंचे। सुदेश महतो ने भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओ के साथ अलग–अलग बैठक की और चुनावी जीत की रणनीति बनायी। श्री महतो ने भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं से झारखण्ड की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया।

***********

भाजपा के वरिष्ठ आदिवासी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा मुख्य विचारधारा से भटक चुकी है। उन्होंने कहा कि झामुमो के शासनकाल में झारखण्ड में धर्मान्तरण तेजी से बढ़ा और बंगलादेश से आकर लोग यहां के गांवों पर कब्जा कर रहे हैं। श्री सोरेन ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही घुसपैठियों से जमीनें वापस लेंगे।

***********

पलामू जिले की पांच विधानसभा सीटों से 86 उम्मीदवार चुनावी मैदान में

************

भारतीय प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी अलका तिवारी ने आज मुख्य सचिव का पदभार संभाल लिया। इस दौरान अलका तिवारी ने मौजूद अधिकारियों के साथ बैठक भी की और विकास कार्यों में तेजी लाने को कहा। साथ ही जो भी चालू योजनाएं हैं उनका कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

***********

हजारीबाग के बड़कागांव के उरेज में वन विभाग ने घायल और हिंसक जंगली हाथी का रेस्क्यू किया। हाथी को पशु एंबुलेंस से चेन्नई भेज दिया गया है। हाथी का रेस्क्यू करने के लिए क्रेन की सहायता ली गयी।

***********

राज्य के कई हिस्सों में आज सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, राजधानी रांची समेत खूंटी, चाईबासा, सरायकेला–खरसांवा और जमशेदपुर में आए झटकों की तीव्रता रिएक्टर स्केल में 4.3 थी। हालांकि, भूकंप से किसी तरह की जानमाल की कोई हानि नहीं हुई है।

******समाप्त*******